संडे हुआ फंडे, सैलानियों से गुलजार रहा तिघरा

कहीं सेल्फी तो कहीं वोटिंग का लुत्फ उठाते दिखे हजारों की संख्या में सैलानी, बच्चों में दिखा अलग ही उत्साह

रविन्द्र सिंह चौहान

ग्वालियर, 29 जून। रविवार को छुट्टी के दिन तिघरा डैम पर पिकनिक मनाने वाले सैलानियों की अच्छी खासी भीड़ का नजारा दिखाई दे रहा था। लोग अपने परिवार के साथ डैम पर मौसम का आनंद लेते नजर आ रहे थे, कोई सेल्फी ले रहा था तो कोई पानी के किनारे मस्ती कर रहा था। सैलानियों ने वोटिंग का भी भरपूर लुत्फ उठाया।

अधिक बर्षा होने पर आसपास के क्षेत्र में जब बाढ़ जैसे हालात दिखाई देने लगते है और जल स्तर बढ़ने लगता है उस स्थिति में साउंड से अनाउंसमेन्ट करके प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरे बंदोवस्त के साथ तिघरा डैम के सभी गेट खोल दिये जाते है, खुले हुए गेटों का नजारा देखने के लिए भी सैलानी काफी संख्या में वहाँ आते है। बारिश के दिनों में रिमझिम फुहारों के बीच तिघरा डैम पर पिकनिक मनाने का अपना ही मजा है। इसलिये दूर-दूर से सैलापी आते हैं।

कैसे पड़ा नाम और क्या है विशेषताएं

तिघरा बांध का नाम ग्वालियर से 20 किलो मीटर दूर एक छोटे से गांव तिघरा के नाम पर रखा गया है। यह ग्वालियर और अन्य ग्यारह गांवों के लिए पीने के पानी, सिंचाई और घरेलू उद्देश्यों का प्राथमिक स्रोत है। ये सभी गांव इस बांध पर निर्भर हैं क्योंकि यह ग्वालियर के इन सभी गांवों के पास बना है। यह बांध अपने शिखर से 24 मीटर की ऊंचाई और 1341 मीटर की लंबाई के साथ इंजीनियरिंग का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस जलाशय की क्षमता 4.8 मिलियन क्यूबिक लीटर पानी रखती है। तिघरा बांध में 1917 और 1970 में दो बार बाढ़ आई थी लेकिन आजकल, यह ग्वालियर में अपने प्रियजनों के साथ घूमने टाइम बिताने या अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रकृति की सुंदरता और शक्ति के मनोरम दृश्यों के साथ पिकनिक मनाने के लिए अच्छी जगहों में से एक है। इसके अलावा, यह विभिन्न बोटिंग राइड्स जैसे कि जलपरी बोट, स्पीड बोट, पैडल बोट और यहां तक ??कि वॉटर स्कूटर राइड भी प्रदान करता है। सैलानियों के लिए डेम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है.

बोटिंग शुल्क

* स्पीड बोट 5 से 6 लोग-770 रु प्रति व्यक्ति
* जलपरी बोट-150 रु प्रति व्यक्ति
* मिनी कूज-33 लोग 180 रु प्रति व्यक्ति
* वॉटर स्कूटर-700 रु प्रति व्यक्ति

मिनी क्रूज और जलपरी बोट रहीं आकर्षण का केंद्र

वर्तमान में तिघरा में एक मिनी क्रूज है, जिसमें एक साथ 33. लोग बैठ सकते हैं। चार स्पीड बोट हैं, जिसमें पांच से छह लोग बोटिंग कर सकते हैं। एक वाटर स्कूटर एवं एक जलपरी है। वाटर स्कूटर में एक पर्यटक और जलपरी में एक साथ 22 लोग बैठकर लुत्फ उठा सकते हैं। अभी तक यहां पांच पैदल बोट भी थीं, जो इस समय खराब हालत में है । इसीलिए वाटर बाइसिकल का प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा गया है। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है अगस्त-सितंबर तक वाटर बाइसिकल आने की उम्मीद है.

मानसून के सीजन में हर माह 11 से 15 लाख की आमदनी

हर साल मानसूनी सीजन में तिघरा की कमाई प्रति माह 11 लाख से 15 लाख रुपये तक होती थी, लेकिन इस बार प्रबंधन को सीजन से काफी उम्मीदें हैं। उनका मानना है कि वाटर बाइसिकल आते ही ज्यादा पर्यटकों आएंगे, जिससे आमदनी में इजाफा होगा।

पिछले साल भेजा था एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव

तिधरा प्रबंधन ने पिछले साल एक करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव भेजा था. जिसमे बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन, रिनोवेशन, पाचवे टाइल्स बदलना व बोट क्लब का रिनोवेशन शामिल था, लेकिन प्रस्ताव पास नहीं हो पाया। प्रस्ताव पास हुआ, तो तिधरा बदले स्वरूप में नजर आएगा।

इन्होंने कहा...

रविवार छुट्टी का दिन रहता है. हम झांसी से अपने परिवार के साथ आज तिघरा डैम घूमने आए है इस मौसम में यहां का मनोरम नजारा देखते ही बनता है बच्चों ने पूरे 5 घंटे बिताए वोटिंग का भरपूर आनंद लिया।

संजय सिंह परिहार-सैलानी

तिघरा के बारे में सुना तो बहुत था पर कभी आने का मौका नहीं मिला पर आज जब हम यहां आए तो देखा वाकई यहां प्राकर्तिक सौन्दर्यता का कोई जबाब नहीं ऐसा लगता है प्रकर्ति ने पूरे शहर की सुंदरता को यहीं संजोकर रख दिया है।

पूजानगेन्द्र भदौरिया-सैलानी

स्कूल की छुट्टियों का यह अंतिम संडे था 1 जुलाई से स्कूल खुल जाएंगे इसलिए हम मम्मी और मामा,मांमी और उनके बच्चों के साथ सुबह ही यहां आ गए थे दिनभर पानी मे खूब मस्ती की वोट पर भी घूमें और परिवार के साथ फोटो भी खिंचवाई।

रिया भदौरिया-सैलानी

हम किलागेट हजीरा पर रहते है बहुत दिनों बाद यहां आना हुआ पहले से यहां काफी बदलाव नजर आ रहा है सैलानियों की सुरक्षा के यहां पुख्ता इंतजाम है तिघरा में बोटिंग करने का आनंद ही और है पानी के पीछे ऊंचे ऊंचे हरियाली से घिरे पहाड़ तिघरा की खूबसूरती को चार चांद लगा देते है

भोला चौहान-सैलानी

बकरियां चरा रहा किशोर असंतुलित होकर कुएं में गिरा, मौत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 जून। बकरियां चरा रहा युवक असंतुलित होकर कुएं में जा गिरा, जिसकी पानी में डूब जाने से मौत हो गई। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुचाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

महाराजपुरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम डांग गुठीना निवासी 14 वर्षीय सलमान खां पुत्र चंदू खां बीते रोज अपने छोटे भाई कासिम खां (13) के साथ गांव में ही बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान वो कुएं के पास पहुंच गया, जहां असंतलित होकर अचानक वह उसमें जा गिरा। बड़े भाई को कुएं में गिरता देख कासिम पहले तो वहीं खड़ा होकर सोचता रहा कि क्या किया जाए। जब उसे भाई को बचाने का कोई रास्ता नजर आया, तो वह भागता हुआ गांव पहुंचा और ग्रामीणों व परिजनों को घटना की जानकारी दी कासिम से सलमान के कुएं में गिरने की जानकारी पाते ही परिजन व ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे,

महाराजपुरा थाना की घटना, जांच में जुटी पुलिस, ग्रामीणों ने मशक्कत कर बाहर निकाला शव

जिन्होंने मशक्कत कर जैसे तैसे सलमान को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए पहुंचाया गया। महाराजपुरा टीआई धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मामले में फिलहाल मर्ग किया गया है, पीएम रिपोर्ट एवं विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में घर से लापता

ग्वालियर। 17 वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। घटना बहोड़ापुर इलाके की है। जब परिजनों को काफी प्रयास करने के बाद भी बिटिया का कोई पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर सूचना दी। जहां पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर गायब हुई किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। घोसीपुरा स्थित मानस विहार कॉलोनी में रहने वाले रवि बाथम ने बीते रोज बहोड़ापुर थाने पहुंचकर सूचना दी, कि उसकी 17 वर्षीय बिटिया एकता बाथम शुक्रवार शाम सात बजे के लगभग अचानक घर से गायब हो गई। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आई, तो आस- पड़ोस सहित सभी परिचितों व रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा।

जेल में कैदी की हालत बिगड़ी, हॉस्पिटल में मौत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 जून। सेंट्रल जेल, ग्वालियर में बंद एक कैदी की बीती रात अचानक हालत बिगड़ गई, जिसे जेल प्रबंधन द्वारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। कैदी की मौत की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने

लंबे समय से बीमारी से जूझ रहा था मृतक

शव को पीएम के लिए भिजवाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

मूलतः उत्तरप्रदेश निवासी राजीव पुत्र राम मनोहर पूर्व में फौज था, एवं रिटायर्ड होने के बाद विगत कुछ वर्षों से ग्वालियर आ गया था। जो वर्तमान में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सेंट्रल जेल, ग्वालियर में बंद था। चूंकि वह शुगर का पेशेंट होने के साथ ही इंसुलिन पर निर्भर था, जिससे बार- बार उसकी तबियत बिगड़ जाती थी। बीती शाम भी हालत बिगड़ने पर जेल प्रबंधन द्वारा उसे जेएएच पहुंचाया गया था। जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई।

बहन-बहनोई व भानजे ने किया था सुसाइड : यहां बता दें कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में ही रहने वाले मृतक के बहन- बहनोई व भानजे ने कुछ दिनों पूर्व आत्महत्या कर ली थी। जिनके द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी मौत के लिए राजीव को ही जिम्मेदार ठहराया था। जिस पर पुलिस द्वारा उसे आरोपी बनाते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया गया था।

इनका कहना ...

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बंद कैदी की बीती शाम तबियत बिगड़ गई थी, जिसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

विदित सरवईया
अधीक्षक, सेंटल जेल
ग्वालियर

संतों से मारपीट व लूटपाट के मामले में एक संदेही राउंडअप

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 जून। घाटीगांव थाना क्षेत्रांतर्गत वनखंडी आश्रम में भैंस तलाशने के बहाने दाखिल हुए तीन बदमाश वहां मौजूद संतों से मारपीट व लूटपाट कर भाग निकले थे। उक्त मामले में पुलिस द्वारा मुरैना से एक संदेही को

भैंस तलाशने के बहाने वनखंडी आश्रम में दाखिल हुए थे बदमाश

राउंडअप किया गया है, जिससे फिलहाल घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। यहां बता दें कि घाटीगांव थाना क्षेत्रांतर्गत शिवपुरी लिंक रोड स्थित वनखंडी आश्रम में बीते गुरुवार की रात 10 बजे के लगभग तीन नकाबपोश

बदमाश भैंस तलाशने के बहाने दाखिल हुए थे। चूंकि आश्रम में गुरु पूर्णिमा की तैयारियां चल रही हैं, जिससे जूना अखाड़ा मौज गिरी आश्रम प्रयागराज के बावा शिवानंद गिरी और उनके साथी सतीशानंद गिरी वहां आए हुए थे। बदमाशों ने एकाएक दोनों साधुओं पर लाठी व सरियों से हमला कर दिया। जो उन्हें बेरहमी से पीटने के बाद 50 हजार रुपए नगदी रखा बाबा का ट्रॉली बैग, झोली, लैपटॉप व दो मोबाइल फोन सहित बाबा की हुंडई ओरा कार क्रमांक यूपी 85 सीएच 3555 भी लूटकर ले गए थे। घटना की

सूचना पाकर पहुंची घाटीगांव थाना पुलिस ने घायल साधुओं को उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। तकनीकी सहायता व मुखबिर तंत्र से मिली सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा रविवार अलसुबह मुरैना से एक को राउंडअप किया गया है। जिसे ग्वालियर लाकर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस अफसरों को उम्मीद है कि आज शाम तक पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।

कार में लूट का माल छोड़कर भाग निकले थे बदमाश

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने संतों के साथ हुई मारपीट व लूटपाट की घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी गजेंद्र सिंह वर्धमान को उक्त बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी करवाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में उन्होंने घाटीगांव एसडीओपी शेखर दुबे के मार्गदर्शन में थाने की टीम को आरोपियों की पतारसी में लगाया था। पुलिस द्वारा जब चहुंओर से नाकाबंदी की गई, तो बचने के लिए बदमाश लूटी गई कार को बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत आनंद नगर में सड़क किनारे खड़ी कर भाग निकले। संतों से लूटी गई कार को सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी होने की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने जब कार को खोलकर चेक किया, तो उसमें लूटा गया बैग, झोली, लैपटॉप व मोबाइल आदि पूरा सामान मिल गया। इसके बाद से पुलिस आरोपियों की तस्दीक करने के प्रयास में लगी हुई थी।

इनका कहना है...

आश्रम में घुसकर संतों से मारपीट व लूटपाट किए जाने के मामले में एक संदेहीघाट संदेही को राउंडअप किया गया है, जिससे फिलहाल घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जल्द ही उक्त मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

शेखर दुबे
एसडीओपी, घाटीगांव

पति के जहर खाने का पता लगते ही वापस लौटी पत्नी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 जून। पत्नी के पड़ोसी के साथ भाग जाने से आहत युवक ने बीती सुबह जहरीला पदार्थ निगल लिया था, जिसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। पति के जहर खा लेने का पता लगते ही पत्नी वापस लौट आई है, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि भितरवार के वार्ड क्रमांक- एक में रहने वाले मोनू नट पुत्र साहिब सिंह की पत्नी करीब 10 दिन पूर्व पड़ोस के एक युवक के साथ भाग गई। मोनू ने उसे काफी तलाशा, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं लगा। जिस पर उसने थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी, जहां पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी। वहीं मोनू ने आरोप

लगाया था, कि पत्नी को उसके ससुर ने 10 लाख रुपए में बेच दिया है, जो जाते वक्त घर से गहने भी ले गई है। पुलिस ने पड़ताल की, तो ज्ञात हुआ कि वह झाबुआ में अपनी बहन

महिला से पूछताछ कर रही पुलिस

के घर पर रह रही है। पुलिस द्वारा झाबुआ की कोतवाली थाना पुलिस की मदद से महिला से फोन पर बात की, तो उसने पति के पास आने से इंकार कर दिया। जिससे मोनू काफी डिप्रेशन में आ गया था।

जिसने शनिवार सुबह घर में ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसका पता लगा, तो वह तुरंत उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए ग्वालियर रैफर कर दिया। वहीं पति द्वारा जहर खा लेने का पता लगते ही पत्नी वापस लौट आई। जिससे फिलहाल पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

इनका कहना...

पति के जहर खाने का पता लगने पर गुमशुदा महिला स्वयं वापस आ गई है, घटना के संबंध में उससे पूछताछ कर बयान दर्ज करवाए जा रहे हैं।

जितेंद्र नगाइच
एसडीओपी, भितरवार

भारत विकास परिषद समर्पण का शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 जून। भारत विकास परिषद शाखा-समर्पण के द्वारा स्वास्थ शिविर संगम एवेन्यू अल्कापुरी मे रेडके लाइफ लेब के द्वारा लगाया गया शिविर में बीपी, शुगर, थायरॉइड, कोलेस्ट्राल हीमोग्लोबिन के अलावा फुल बॉडी चेक अप हुआ जिसमे 82 लोग लाभान्वित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संयोजक डॉ अनिल शर्मा,विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संयोजक गुलाब सिंह प्रजापति अध्यक्षता शाखा गति विधि संयोजक डॉ ज्योति शर्मा थी मुख्य रूप से संस्थापक संजय धवन

अध्यक्ष विम्मी सचदेवा सचिव लता गुप्ता डी सी तिवारी उपाध्यक्ष महेश धीमान संगठन सचिव संजय श्रीवास्तव अरुण गुप्ता अनिल अरोरा, दीपा,मधु, मनोज, पूजा, पूनम, अनीता, सुधा, ज्योति,नीना उमा, शीखा, नीलम, छाया, रानी, रेखा अमन आदि उपस्थित थे ।

सांई बाबा पालकी चल समारोह को भव्य रूप प्रदान करने के लिए बैठक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 जून। ऊं सांई श्रद्धा सबुरी सेवा दल समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सां ई बाबा पालकी चल समारोह 10 जुलाई गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित किया जाएगा इस संदर्भ में सभी पदाधिकारियों एवम् साधारण सदस्यों की बैठक स्थानीय सिंघ बिहार कालोनी के कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई उसमें सर्व सम्मति से भव्य एवम् विशाल सांई बाबा पालकी चल समारोह की बात सामूहिक रूप से तय की गई इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए ऊं सांई श्रद्धा सबुरी सेवा दल समिति के अध्यक्ष संजय कट्टल ने बताया कि सांई बाबा

पालकी चल समारोह सभी सांई भक्त गणों के सहयोग से निकाला जाता है इस बार भी बड़े ही भव्य एवम् विशाल उत्साह और धूमधाम से सांई बाबा पालकी चल समारोह निकाला जायेगा संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से सांई बाबा पालकी चल समारोह निकाला जा रहा है इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों सांई बाबा के भक्त गण महिला एवम् पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहते हैं इस सांई बाबा पालकी चल समारोह में विशेष आकर्षण का केन्द्र सांई पालकी इसके अलावा महाकाल बारात, राम दरबार ,बैंड, आकर्षक लाइट, खलील का महाराष्ट्र ढोल , विंटेज कार में श्री राधा कृष्ण झाकी, सांई बाबा की पालकी, आकर्षक विभिन्न प्रकार की झाकियां, सांई बाबा का श्याम सुंदर घोड़ा, बाबा की धूनी ,लोभान की रेढी यह चल समारोह 5 बजे स्थानीय सांई बाबा मंदिर गाडवे की गोठ से प्रारंभ होकर माधोगंज से गोरखी स्काउट होते हुए महाराज बाड़ा सराफा बाजार से डीडवाना ओली होते हूये राममंदिर पाटनकर बाजार ऊंट पुल से ओल्ड हाई कोर्ट होते हुए जयेंद्र गंज नदी गेट शिंदे की छवनी से फूलबाग होते हुए सांई बाबा मंदिर विकास नगर पहूचेगा वहां पर सबसे पहले सांई बाबा की आरती होगी इस सांई बाबा पालकी चल समारोह का समापन किया जायेगा इस चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाता है पुष्प बर्षा की जाती है और सभी सांई बाबा के भक्त नाचते गाते बाबा को याद करते हुए पालकी में शामिल होते हैं।

भितरवार में एक्सपायरी कृषि दवाओं पर बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

डबरा/भितरवार 29 जून। किसानों के हितों की रक्षा और कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भितरवार प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एसडीएम संजीव जैन के निर्देशन में तहसीलदार एवं कृषि विभाग की टीम ने भितरवार में खाद, बीज एवं कृषि दवाइयों की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर एक्सपायरी डेट की कृषि दवाइयां पाई गई, जिन्हें तत्काल जप्त कर कृषि विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई की भनक लगते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई और कई व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर मौके से भाग खड़े हुए। एसडीएम संजीव

जैन द्वारा इस पूरी कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार कर ग्वालियर कलेक्टर कार्यालय भेज दी गई है। प्रशासन की इस सख्ती से बाजार में हड़कंप की स्थिति है और ईमानदार व्यापारियों ने इस पहल की सराहना की है। प्रशासन का संदेश साफ है किसानों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं होगी बर्दाश्त ।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95